सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 176 | इंदौर, बुधवार 03 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Adani-Hindenburg Case: सुप्रीम कोर्ट का सेबी की जांच में दखल से इनकार, कहा- तीन महीने में जांच पूरी करे नियामक
2. Delhi Liquor Case: आज भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे केजरीवाल, नोटिस को बताया गैरकानूनी
3. Mahua Moitra: एक नए विवाद में फंसी महुआ मोइत्रा, अपने पूर्व प्रेमी की निगरानी करवाने का लगा आरोप
4. IND vs SA Test : द. अफ्रीका से सीरीज ड्रॉ कराने उतरेगा भारत, मुकेश या आवेश खान को मिल सकता है मौका
5. Congress: जयशंकर ने नेहरू की चीन नीति को कोसा तो भड़की कांग्रेस, कहा- मौजूदा प्रधानमंत्री से लाभ लेने को...
6. हरियाणा व राजस्थान में NIA की रेड: टीम ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में 31 जगहों पर की छापेमारी
7. US: फलस्तीनियों को गाजा के बाहर बसाने के इस्राइली मंत्री के बयान का अमेरिका ने किया विरोध, दी ये नसीहत

### भोपाल, इंदौर और सीहोर में बारिश

# बदला मौसम ठिठुरा मध्यप्रदेश

### 18 जिलों में घना कोहरा छाया; सर्द हवाओं से 15 जनवरी तक ठिठुरेगा प्रदेश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मौसम में बदलाव के चलते वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से पूरा मध्यप्रदेश ठिठुर रहा है। बुधवार को सुबह से ही भोपाल, सीहोर, भिंड में बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। इंदौर में आधी रात को बारिश हुई। इसके पहले मंगलवार को अशोकनगर, गुना और आगर में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, शिवपुरी में घना कोहरा और कोल्ड-डे रहा।**

बुधवार को भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के 18 जिले मध्यम से घने कोहरे के आगोश में रहे। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 15 जनवरी तक प्रदेश में सर्द हवाएं चलती रहेंगी। ग्वालियर-चंबल संभाग में हल्की बारिश भी हो सकती है।

नए साल की शुरुआत से ही प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। सर्द हवाएं चल रही हैं तो घना कोहरा भी है। मंगलवार को भी सर्द हवा चलती रही। इससे दिन के तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की गिरावट हुई है।

### बड़े शहरों में इतना रहा तापमान

प्रदेश के बड़े शहरों की बात करें तो मंगलवार को भोपाल में 25.7 डिग्री, इंदौर में 26.9 डिग्री, जबलपुर में 27.7 डिग्री और उज्जैन में पारा 24 डिग्री दर्ज किया गया। यहां पूरे दिन बादल छाए रहे। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन सर्द हवाएं ठिठुरा रही थी।

### शिवपुरी सबसे ठंडा, खंडवा में सबसे ज्यादा टेम्प्रेचर

मंगलवार को शिवपुरी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां दिन का तापमान 24 डिग्री पहुंच गया। टीकमगढ़ में 16 डिग्री, नौगांव में 16.4 डिग्री, खजुराहो में 16.6 डिग्री, गुना में 16.8 डिग्री तापमान रहा। रायसेन, दमोह, सतना, रीवा, सागर, शाजापुर, पचमढ़ी, मलाजखंड और रतलाम में पारा 25 डिग्री से कम रहा। सबसे ज्यादा तापमान खंडवा में 29.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### इंदौर में आधी रात को बारिश, सुबह से घना कोहरा

इंदौर में मंगलवार देर रात जोरदार बारिश हो गई। हालांकि सर्द हवाओं के कारण मंगलवार शाम से ही मौसम बदल गया था। और सर्दी बढ़ गई थी। हालांकि रात 10 बजे से कोहरा छाने लगा था। लेकिन रात 2 बजे के बाद पूरे शहर में बारिश होने लगी। पहले हल्की बूंदाबांदी हुई और इसके बाद जोरदार बारिश होती रही। शहर के अलग-अलग इलाकों में रुक-रुककर सुबह तक बारिश होती रही। इससेस तापमान में एकाएक गिरावट आ गई। नए साल की शुरुआत से ही प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। सर्द हवाएं चल रही हैं तो घना कोहरा भी है। मंगलवार को भी सर्द हवाएं चलती रही। इससे दिन के तापमान में 1 से 3 डिग्री तक की गिरावट हुई है। इंदौर में सोमवार सुबह तक दृश्यता 3 हजार मीटर थी, वह रात से मंगलवार सुबह 6 बजे तक घटकर 1 हजार मीटर ही रह गई। उत्तर-पूर्वी हवा ने कंपकंपी वाला माहौल बना दिया। मौसम के यू टर्न ऐसे भी समझिए कि सोमवार सुबह से शाम 7 बजे तक को हलकी गर्माहट थी, लेकिन इसके बाद कोहरा और ठंड का एहसास होने लगा।

# संत-महापुरुषों के सदकर्मों की सुगंध कभी नष्ट नहीं होती

## अखंड धाम पर हजारों दीपों से हुई महाआरती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आज हमारा समाज नैतिक मूल्यों के पतन की ओर बढ़ रहा है। वेदांत वह दर्शन और चिंतन है जो मानव को महामानव बनने की ओर प्रवृत्त करता है। वेदांत की महत्ता हर युग में प्रासंगिक है। ब्रम्हलीन स्वामी अखंडानंद महाराज ने अपने तप, तेज और साधना से वेदांत को घर-घर पहुंचाया। महापुरूषों के सदकर्मों की सुगंध कभी नष्ट नहीं होती। वेदांत का दर्शन संस्कारों की विकृति को रोकता है। संत-विद्वान चलते फिरते तीर्थ होते हैं लेकिन उनका चयन हमारे विवेक पर निर्भर होना चाहिए। संत-महापुरुषों की स्मृतियां मन के विचलन को थाम लेती है।





बिजासन रोड स्थित प्राचीन अखंड धाम आश्रम पर चल रहे 56वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन के समापन प्रसंग पर देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों से आए संत-विद्वानों ने मंगलवार को इन शब्दों के साथ अखंड धाम आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद महाराज की 56वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि समर्पित की। गत 27 दिसम्बर से चल रहे अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन के समापन सत्र में महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. चेतन स्वरूप की अध्यक्षता में वृंदावन से आए महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश्वरानंद, पंचकुइया राम मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास, सारंगपुर से आई साध्वी अर्चना दुबे, भीलवाड़ा के चिन्मयधाम से आई साध्वी प्रज्ञाश्री, रतलाम से आए स्वामी देवस्वरूप, स्वामी सुजातानंद, स्वामी राजानंद, स्वामी वेदानंद, स्वामी नवचंडी महाराज, सहित अनेक संत-विद्वानों ने ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद से जुड़ी यादों को जीवंत किया और बताया कि संतों का जीवन कितना प्रेरक और ऊर्जावान होता है। हजारों भक्त इस अवसर पर अपने-अपने घरों से दीपों की थाली एवं मोमबत्तियां तथा छप्पन भोग लेकर आए थे। छप्पन भोग समर्पण एवं पुष्पांजलि सभा के तुरंत बाद देशभर से आए डेढ़ सौ से अधिक संतों-विद्वानों और भक्तों ने शिवोहम के उदघोष के बीच स्वामी अखंडानंद को शिद्दत से याद करते हुए दीपांजलि समर्पित की। एक साथ हजारों भक्तों द्वारा दीपों से महाआरती का यह दृश्य देखते ही बनता था।

इस अवसर पर पुष्पांजलि सभा में वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, बालकृष्ण अग्रवाल, ठा. विजयसिंह परिहार, मोहनलाल सोनी, श्रीमती गार्गी गुप्ता (दिल्ली) आदि ने भी स्वामी अखंडानंद से जुड़े संस्मरण सुनाए। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष हरि अग्रवाल, संयोजक किशोर गोयल, सचिन सांखला, भावेश दवे, सीए विजय गोयनका, निरंजन पुरोहित, राजेन्द्र मित्तल, सन्नी तिवारी, प्रेम विजयवर्गीय आदि ने अतिथियों एवं संत-विद्वानों का स्वागत किया। गुरुवंदना सुश्री किरण ओझा ने प्रस्तुत की। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, भाजपा के नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, पार्षद संध्या यादव, पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया एवं पार्षद अनिल गौहर सहित अनेक गणमान्य बंधु भी संतों के स्वागत के लिए उपस्थित थे। संचालन हरि अग्रवाल ने किया और आभार माना सचिन सांखला ने।

## पदक विजेता सुरभि सांखला का सम्मान



**इंदौर।** बहरीन में हुई एशियन मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में इंदौर शहर मध्य प्रदेश की सुश्री सुरभि सांखला ने पहली बार भारत के लिए सिल्वर मेडल जितने पर इंदौर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री भगवती प्रसाद शर्मा एवं मध्य प्रदेश के बार काउंसिल मेंबर श्री नरेंद्र कुमार जैन ने रजत पदक जीतने पर सुरभि सांखला ( एडवोकेट) को सम्मानित किया इस मौके पर वरिष्ठ वकील एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

### कटाक्ष




# दर्शकों को रुला गया नाटक वक्त थम गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** नववर्ष के प्रारंभ में मर्मस्पर्शी हिंदी नाटक ह्ववक्त थम गयाह्व का मंचन माई मंगेशकर सभागृह में हुआ। आशा सोनी की परिकल्पना पर आधारित, पंकज उपाध्याय द्वारा लिखित और निर्देशित इस नाटक के कलाकार थे - आशा सोनी, पंकज उपाध्याय, मनोहर दुबे, सुदर्शन पटवा, आर्यन शुक्ला, स्नेहा त्रिवेदी, अशोक दुबे, सार्थक उपाध्याय, अवनी शर्मा, गिरीश शर्मा, प्रणय सोनी, प्रखर वर्मा, सोम राय, राजवीर सोनी, हिमांशु मिश्रा, संगीत एवं प्रकाश संयोजन विजय ओहवाल का था।

मंचन से पूर्व प्रमुख अतिथि डॉ सरोज कुमार जी का जन्मदिवस (पूर्व संध्या पर) मनाया गया। श्री जयंत भीसे, निदेशक उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत अकादमी, संस्था सूत्रधार के प्रमुख श्री सत्यनारायण व्यास, श्री कृष्ण कुमार अस्ठाना जी विशेष अतिथि थे।



साक्षिप्त कहानी - यह एक गृहणी की मर्मस्पर्शी कहानी है। सुमन के खुशहाल परिवार में तीन पुत्र हैं, पति दुकानदार हैं। तीनो पुत्र जब छोटे थे, तभी सुमन के पति को अपने भाई के उपेक्षित व्यवहार से गहरा सदमा पहुंचता है और उनका निधन हो जाता है। हंसते खेलते परिवार पर एकाएक हुए इस आघात को सुमन झेल नहीं पाती और उसका मानसिक संतुलन गड़बड़ा जाता है। वक्त गुजरता रहता है लेकिन सुमन के लिए वक्त वहीं ठहर जाता है। समय के साथ तीनों पुत्र बड़े हो जाते हैं, उनके विवाह हो जाते हैं, घर में बहुएं आ जाती हैं, लेकिन सुमन के लिए ये तीनों पुत्र अभी वही मासूम बच्चे हैं, वह उनके साथ वैसा ही व्यवहार करती है, उन्हें अपने हाथ से खाना खिलाती है, उन्हें खिलौनों से खेलने को कहती है। सुमन के इस व्यवहार से बहुएं बहुत परेशान हो जाती हैं। सुमन का ये व्यवहार घर में कलह का कारण बन जाता है। आखिर बेटे बहू सुमन को अकेली छोड़कर चले जाते हैं, रिश्तेदार भी आना बंद कर देते हैं। एकाकीपन और डिप्रेशन के कारण एक दिन सुमन की भी मृत्यु हो जाती है।

## जिले की 187 ग्राम पंचायतों एवं 31 वार्डों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में पूरे प्रदेश सहित इंदौर जिले में एक परिवर्तनकारी अभियान चल रहा है। यह संकल्प यात्रा जन-जन के घरों तक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करती है। मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत 16 दिसंबर को की गई थी। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्ति के लिए 'जनभागीदारी' की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रारंभ से वर्तमान तक इंदौर जिले के अनेक हितग्राहियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा चुका है। यह यात्रा अभी तक इंदौर जिले की 187 ग्राम पंचायतों तथा 31 वार्डों तक पहुंच चुकी है। लगभग 2 लाख 72 हजार 992 लोग इस यात्रा में शामिल हो चुके हैं। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 32 हजार 625 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। यात्रा के दौरान एक लाख 68 हजार लोगों ने आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी का संकल्प भी लिया है।

# स्वच्छता रैंकिंग...इंदौर को मिल रही सूरत से कड़ी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता रैंकिंग के परिणाम नवंबर में आना थे, लेकिन इस साल देरी हुई। अब इस माह आएंगे। 11जनवरी को देश के शहरों की स्वच्छता रैंकिंग घोषित होगी। छह साल से लगातार पूरे देश में सबसे साफ शहर रहे इंदौर का मुकाबला इस बार कई शहरों से है।**

नवी मुबंई और सूरत कड़ी दे रहे है, लेकिन इस बार भी लग रहा है कि इंदौर फिर स्वच्छता में सरताज हो सकता है,क्योकि पिछले दिनों दिल्ली की टीम वीडियोग्राफी के लिए इंदौर आई थी, हालांकि इस बार वाटर प्लस में इंदौर को 7 स्टार रेटिंग नहीं मिल पाई है। सूरत शहर पिछले साल नंबर दो पर था। सूरत में डोर टू डोर कचरा, कचरे से खाद बनने सहित कई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक नगर निगम संचालित कर रहा है। अब देखना होगा कि 11जनवरी को कौन सा शहर सफाई में पहले स्थान पर रहता है। स्वच्छता सर्वेक्षण देश के नगरीय निकायों के बीच होता है। हर साल पांच हजार से ज्यादा शहर इसमें हिस्सा लेते है। 2022 में अक्टूबर माह में ही परिणाम आए थे, लेकिन इस बार 2023 के परिणाम नहीं आ पाए। अलग-अलग श्रेणियों में 9 हजार से ज्यादा अंकों में से जो शहर सर्वाधिक अंक लाएगा, वह पहले स्थान पर रहेगा। दो साल से गुजरात राज्य के शहरों ने सफाई पर फोकस किया है। सूरत तो दूसरे नंबर पर पिछले साल था, लेकिन अहमदाबाद, राजकोट, वड़ोदरा ने भी टॉप टेन में जगह बनाई थी। इंदौर भले ही छह बार लगातार सफाई में पहली पायदान पर रहा हो, लेकिन शहरवासी स्वच्छता में इस बार कमी महसूस कर रहे है। शहर में धूल के गुबार फिर नजर आने लगे है। इसके अलावा बेकलेन में भी कचरे के ढेर ज्यादा दिखाई देते है, हालांकि शहर की सड़कें साफ रहती है और घर-घर कचरा संग्रहण शत प्रतिशत हो रहा है। यहीं इंदौर की सबसे बड़ी ताकत है। कचरे से खाद और सीएनजी भी इंदौर में तैयार हो रही है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि इस बार भी इंदौर सफाई में पहले स्थान पर रहेगा। इंदौर में वायु प्रदुषण काफी कम हुआ है।




## ख्यात वकील सलमान खुर्शीद के जन्मदिन पर गायों को कराया भोजन

### जरूरतमंदों को वस्त्र और अस्पताल में मरीजों फल वितरित किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर/महू।** संवदेनशील व्यक्तित्व के धनी हिंदुस्तान के नामी वकील भारत के भूतपूर्व विदेश मंत्री-लोकसभा-सदस्य एवं सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट सलमान खुर्शीद का जन्मदिन सेवा कार्य कर मनाया गया। हर्ष खंडेलवाल ने बताया कि नामचीन वकील सलमान खुर्शीद के सानिध्य में काम करना मेरा सौभग्य है। वे एक केस में पैरवी की फीस 22 से 25 लाख तक लेते है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मामलों के लिए एक केस में पैरवी की फीस 1 करोड़ हैं, वहीं गरीबों के लिए उनके द्वार हमेशा खुले हैं, श्री खुर्शीद हर किसी के सुख दुख में ना सिर्फ खडे होते हैं, बल्कि वे गरीबो वंचितों के मसीहा भी हैं। प्रकृति व पशु पक्षी प्रेमी ऐसे महापुरुष के जन्मदिन पर सेवा कार्य करते हुए गोशाला में जाकर गायों को भोजन कराया और वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित करने के साथ ही जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए गर्म वस्त्र वितरित कर श्री खुर्शीद की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की गई।

## जिला न्यायालय परिसर, इन्दौर की पार्किंग समस्या का शीघ्र ही समाधान होगा

### होप मिल प्रांगण की 4.93 एकड़ भूमि में वाहन स्टैंड संचालन हेतु आवेदन / प्रस्ताव आमंत्रित किए

**इंदौर।** गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि जिला न्यायालय परिसर,इन्दौर की पार्किंग समस्या के निराकरण हेतु होप टेक्सटाइल्स की रिक्त पड़ी हुई शासकीय भूमि उपलब्ध करवाने के लिए एक अंतरिम अर्जी गोपाल कचोलिया तत्कालीन अध्यक्ष इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर द्वारा लगाई गई थी।जिसमें जिला न्यायालय परिसर इन्दौर में व्याप्त वाहन पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए इन्दौर अभिभाषक संघ के तत्कालीन अध्यक्ष गोपाल कचोलिया ने इन्दौर अभिभाषक संघ की ओर से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ-इन्दौर में विचाराधीन रिट पिटिशन 9766/2012 (होप टेक्सटाइल्स लिमिटेड और अन्य विरूद्ध प्रिंसिपल सेक्रेटरी मध्यप्रदेश शासन और अन्य ) में दिनांक 26/08/2023 को एक अन्तरिम अर्जी लगाकर माननीय उच्च न्यायालय से अनुरोध किया था कि जिला न्यायालय परिसर,इन्दौर से लगी हुई होप टेक्सटाइल्स की रिक्त पड़ी हुई शासकीय भूमि जिला न्यायालय परिसर ,इन्दौर में आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था हेतु उपलब्ध करवाई जाये। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इन्दौर खंडपीठ में न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला के न्यायालय में इस मामले की सुनवाई हुई थी। न्यायालय ने अन्तरिम अर्जी को स्वीकृत कर के इस काम के लिए एक कमेटी गठित कर दी थी। जिसमें प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश महोदय, जिला व सत्र न्यायालय, इन्दौर को कमेटी का अध्यक्ष और कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एस. डी. एम. घनश्याम धनगर और इन्दौर अभिभाषक संघ के ह्वतत्कालीन अध्यक्षह्व गोपाल कचोलिया अभिभाषक को सदस्य बनाया गया था। सर्वविदित है कि जिला न्यायालय परिसर, इन्दौर में वाहन पार्किंग की समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। परिसर में चारों तरफ इतने वाहन खड़े रहते है कि परिसर में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है । इस कारण जिला न्यायालय परिसर, इन्दौर में किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना कारित हो सकती है।

## जन्म से लेकर मृत्यु तक राम ही सत्य, सनातन और शाश्वत : डॉ. सुरेश्वरदास

### गणेश नगर में चल रही रामकथा में दिनोदिन उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राम का नाम ही इस देश की सनातनता और सार्वभौमिकता है। राम ही सत्य, सनातन और शाश्वत है। जन्म से लेकर मृत्यु तक के प्रसंगों में भी राम नाम ही सत्य होता है। राम का चरित्र काफी उदार है। जिसने भी स्वयं को श्रीराम से जोड़ा है, उसने हनुमान की तरह अद्भुत काम किए हैं। वैष्णव जन वही है जो दूसरों की पीड़ा दूर करें। राम के चरित्र में पुरूषार्थ, प्रेम, ममता, समता और एकता के सूत्र दिखाई देते हैं। राम के बिना इस सृष्टि और भारत भूमि की कल्पना नहीं की जा सकती। राम और कृष्ण का अवतरण सिर्फ भारत भूमि पर ही हो सकता है क्योंकि दुनिया के अन्य किसी देश की इतनी पुण्याई और पवित्रता नहीं हो सकती।



ये दिव्य विचार हैं रामकथा मर्मज्ञ आचार्य डॉ. सुरेश्वरदास रामजी महाराज के, जो उन्होंने मंगलवार को बर्फानी धाम के पीछे स्थित गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर के शिव-हनुमान मंदिर की साक्षी में चल रही नौ दिवसीय रामकथा में व्यक्त किए। कथा का शुभारंभ तुलसीराम-सविता रघुवंशी, रेवतसिंह रघुवंशी, सुश्री शतांशी रघुवंशी, वत्सल दुबे, ओमप्रकाश राठौर, श्यामसिंह ठाकुर, अशोक वानपुरे, देवकरण यादव, नारायणसिंह बघेल, गौरीशंकर मालवीय, रामसिंह राजपूत एवं बाबूसिंह राजपूत सहित अनेक भक्तों द्वारा व्यासपीठ पूजन के साथ हुआ। इसके पूर्व भक्तों ने रामचरित मानस का भी पूजन किया। संयोजक तुलसीराम रघुवंशी ने बताया कि रामकथा का यह संगीतमय दिव्य अनुष्ठान पुष्प दंतेश्वर महादेव मंदिर एवं स्वाध्याय महिला भजन मंडली के तत्वावधान में 9 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक होगा। कथा में बुधवार 3 जनवरी को श्रीराम जन्म महोत्सव, 4 जनवरी को श्रीराम सीता विवाह, 5 को श्रीराम वनगमन एवं केवट प्रसंग, 6 को भरत चरित्र, 7 को पंचवटी निवास एवं शबरी चरित्र, 8 को राम-सुग्रीव मित्रता तथा मंगलवार, 9 जनवरी को रावण वध एवं रामराज्याभिषेक प्रसंगों की कथा होगी। डॉ. सुरेश्वरदास ने कहा कि राम इस देश की अस्मिता और गौरव के पर्याय हैं। उनके समूचे जीवन चरित्र में कहीं भी कोई दोष नहीं है। यह निर्दोषता ही उन्हें पूजनीय और वंदनीय बना गई। हमारे पतन के लिए कोई और जिम्मेदार नहीं हो सकता। हमारा अज्ञान, भ्रम, भय, संशय ही हमारा नाश करता है। धरती पर कोई और हमारा अहित कर ही नहीं सकता। संशय से जड़ता आती है। अल्पज्ञता, अकर्मण्यता और भीतर का प्रमाद ही हमारे सबसे बड़े शत्रु हैं। हमारा अंतःकरण श्रद्धा संपन्न होगा तो हमारे अंदर श्रेष्ठ विचारों की ग्राह्यता होगी। भगवान श्रीराम प्रेम की मूर्ति और प्रेम के पर्याय हैं। शबरी, केवट और वनवासियों के बीच जाकर उन्होंने प्रेम ही बांटा है।

## अयोध्या के लिए यहां से मिलेगी ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला को विराजमान कराया जाएगा। पूरे देश में इसे लेकर तैयारियां जोर पर हैं। देशभर के लोग अयोध्या जाने की तैयारी कर रहे हैं। रेलवे भी अयोध्या जाने के लिए कई स्पेशल ट्रेन चला रहा है। इसी कड़ी में इंदौर से अयोध्या तक सीधे ट्रेन चलाने की मांग भी की जा रही है। बता दें कि अगर इंदौर से अयोध्या के लिए सीधे ट्रेन शुरू हुई तो हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ भी मिलेगा।




वर्तमान में उज्जैन से अयोध्या के लिए 3 ट्रेन चल रही है। फिलहाल इंदौर से अयोध्या के लिए सीधी ट्रेन नहीं है, इसलिए इंदौर के लोगों को उज्जैन पहले जाना पड़ता है। उसके बाद वहां से लोगों को ट्रेन मिलती है। वर्तमान में उज्जैन से अयोध्या के लिए 3 ट्रेन हैं, जिसमें वाराणसी सिटी साबरमती, दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस, मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस शामिल है। तीनों ही ट्रेन साप्ताहिक है। इंदौर से अयोध्या जाने के लिए ट्रेन तो नहीं लेकिन बस जरूर चल रही है। यहां से कई प्राइवेट बस ऑपरेटर की स्लीपर बसें चल रही हैं, जो 17 से 18 घंटे में अयोध्या पहुंचाती हैं। इन बसों का किराया 1500 से लेकर 1900 रुपये तक का है। जिसमें एसी और नॉन एसी दोनों शामिल हैं। भव्य राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। ऐसे में AiCTSL (अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस) सीधे इंदौर से अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू करने की कोशिश में हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तो इसके टेंडर भी ऑनलाइन जारी हो गए हैं। जल्द ही बस सेवा शुरू हो सकती है।

# पुलिस कैसे मारती है बताने में गई युवक की जान

◆ आरोपी और मृतक शराब के नशे में थे, पिटाई के बाद बोरे में बांधकर छोड़ दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर। पिछले सप्ताह टुकराना में एक ढाबे से मिले युवक के शव की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने मंगलवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उस रात वो दोनों और सुनील शराब के नशे में थे। जिस दौरान उन दोनों ने पुलिस कैसे मारती है ये बताते हुए सुनील को बांध दिया और वहीं छोड़ दिया, जिससे उसकी जान चली गई।**




गौरतलब है 24 दिसंबर को पुलिस को टुकराना के पास स्थित ढाबे से मंगलाज के रहने वाले पाटीदार की लाश बोरे में बंद मिली थी। इसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। मामले में पाटीदार समाज के लोगों ने भी एसपी कार्यालय पहुंचकर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी राजेश सौराष्ट्रीय को गिरफ्तार किया था। वहीं, दूसरे आरोपी जितेंद्र सौराष्ट्रीय को भी मंगलवार को रंथभंवर-बेरछा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाली टीआई ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि तीनों उस दिन ढाबे पर शराब पी रहे थे। ऐसे में बातों ही बातों में चोर-पुलिस की बात निकली। फिर इन्होंने सुनील को बांध दिया और मारने लगे, ये बताते हुए कि पुलिस ऐसे मारती है। कुछ देर बाद ये दोनों सुनील को उसी हालत में वहां छोड़कर निकल गए। जहां उसकी मौत हो गई।

इस कार्रवाई में कोतवाली टीआई ब्रजेश मिश्रा, उप निरीक्षक सुरेंद्र मेहता, आरक्षक शैलेंद्रसिंह गुर्जर, आरक्षक शैलेंद्र शर्मा, प्रधान आरक्षक कपिल नागर, प्रधान आरक्षक दीपक शर्मा, आरक्षक संजय पटेल, प्रधान आरक्षक रवि सेंगर, आरक्षक मनोज धाकड़ व मिथुन की सराहनीय भूमिका रही।

# हड़ताल में शामिल नहीं होने पर ट्रक के शीशे तोड़े

◆ जान से मारने की धमकी भी दी, पुलिस ने दर्ज किया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर। नए हिट एंड रन कानून को लेकर राज्य में पिछले दो दिनों से ड्राइवर हड़ताल पर हैं। इस दौरान कुछ लोग हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले ड्राइवरों को परेशान कर रहे। कुछ स्थानों पर, हड़ताल में भाग नहीं लेने वाले ड्राइवरों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें नुकसान पहुंचाया गया।**

ऐसी ही एक घटना मंगलवार को फरियादी एजाज के साथ हुई। मंगलवार को दोपहर करीब 3 बजे एजाज जब मंडी में ट्रक को लेकर प्याज की गाड़ी भरने जा रहा था। उसी समय नहर के पास आयान उद्दीन, समीर खा और रईस उद्दीन ने उनका रास्ता रोक कर उनके ट्रक पर पत्थर बरसाए। जिससे ट्रक के दोनों शीशे टूट गए। तीनों ने एजाज के साथ मारपीट भी की और मंडी में गाड़ी लगाने पर जान से मरने की धमकी भी दी। एजाज ने बताया कि वह हड़ताल में शामिल नहीं हुआ, इसी कारण से उन लोगों ने उस पर हमला किया। एक दिन पहले भी इन लोगों ने ट्रक मे आग लगाने की भी धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 341, 427, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## मेले में झूला टूटा, महिला और एक बच्चा घायल

**खरगोन।** जिले के गोगावां के जगदंबा माता मेले में मंगलवार शाम झूला टूट गया। हादसे में एक महिला और एक बच्चा घायल हो गया है। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ देखकर झूला संचालक मौके से भाग निकला। मेले में अचानक झूलाट टूट गया। इससे कई लोग नीचे आ गिरे। दो लोग इसमें घायल हो गए।

# नवागत कलेक्टर ने कुर्सी को प्रणाम कर संभाली जिले की कमान

### बाबा महाकाल के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** नवागत कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार को जिले की कमान संभाल ली। सबसे पहले उन्होंने कुर्सी को प्रणाम किया,फिर अधिकारियों की बैठक लेकर फरमान जारी किए। सुबह सबसे पहले कलेक्टर महाकाल मंदिर गए तथा भगवान महाकाल के दर्शन व पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद ठीक 10.30 बजे पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर नीरज कुमर सिंह सोमवार शाम को ही शहर आ गए थे। सर्किट हाउस पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया और सुबह करीब साढ़े सात बजे संभागायुक्त से मुलाकात की। इसके बाद वे महाकाल मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर भगवान महाकाल के समक्ष मत्था टेका। मंदिर में उन्होंने महंत विनित गिरि से भेंट की और मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी से व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। इस दौरान पं.राजेश गुरु भी उपस्थित थे। महाकाल मंदिर में दर्शन पूजन के दौरान कलेक्टर का शर्ट पानी से भीग गया था। मंदिर से बाहर निकलते ही उन्होंने घड़ी देखी तो सवा दस बज चुके थे। ताबड़तोड़ सर्किट हाउस से दूसरा शर्ट मंगाया और कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर कुर्सी को प्रणाम कर कलेक्टर का प्रभार ग्रहण किया।

# गंभीर डेम एवं शिप्रा नदी का जल संरक्षित घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** शहर की पेयजल व्यवस्था का मुख्य स्त्रोत गंभीर जलाशय है,जिसकी पूर्ण संग्रहण क्षमता 2250 एम.सी.एफ.टी.है। कलेक्टर ने शहर की पेयजल व्यवस्था के लिए गंभीर डेम व शिप्रा नदी का जल संरक्षित घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी किए आदेश पर महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, जलकार्य एवं सीवरेज प्रभारी प्रकाश शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त कहा कि इस आदेश से शहरवासियों को पेयजल प्रदाय व्यवस्था सुचारू रूप से सम्पादित की जा सकेगी।

नगर निगम आयुक्त रोशन कुमार सिंह द्वारा पूर्व कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम को अवगत कराया गया था कि गंभीर बांध के भराव क्षेत्र में दोनो किनारों पर स्थित ग्रामों के कृषकों द्वारा रबी सीजन की सिचाई हेतु मोटरों लगाकर अवैध रूप से जल लिया जाता है,जिसके कारण ग्रीष्म ऋतु में शहरवासियों को पेयजल वितरण में समस्या आती है। शहर को पेयजल संकट से बचाने हेतु गंभीर बांध के अपस्ट्रीम में संग्रहित जल को सुरक्षित रखने हेतु पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों को लागू किया जाना आवश्यक है।

# लड़की कर रही थी हंगामा, बॉयफ्रेंड पिस्टल से चला रहे थे गोलियां, तीन गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। एक दिन पहले डिस्को क्लब में हुए झगड़े का वीडियो मंगलवार को सामने आया है। क्लब में एन्ट्री नहीं करने देने पर एक युवती ने अश्लील गालियां दीं और चप्पल निकालकर गार्ड को पीटा। जब विरोध हुआ और लड़की और उसके साथियों को लोगों ने घेरा तो उसके बॉयफ्रेंड ने पिस्टल से फायरिंग कर दी।**

घटना एक दिन पहले रात 11 बजे सिटी सेंटर डिस्को क्लब की है। फायरिंग होने के बाद स्थानीय लोगों ने दो लड़कों को स्पॉट पर ही पकड़कर धुनाई लगाई है। बॉयफ्रेंड के पकड़ते ही लड़की ने नंगे पैर दौड़ लगाई है। पुलिस ने अब इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### यह था पूरा मामला

विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित हरियाणा डिस्को क्लब में तीन युवक एक युवती के साथ पहुंचे थे, लेकिन डिस्को क्लब संचालक और कर्मचारियों के द्वारा उन तीन युवकों को एंट्री देने से मना कर दिया। संचालक और कर्मचारियों के द्वारा एंट्री नहीं मिलने पर युवक बौखला गए। उन्होंने गाली गलौज करते हुए पिस्टल निकालकर धमकाने लगे, तभी एक युवक ने पिस्टल से फायर कर दिया। इस दौरान कर्मचारी संचालक ने भाग कर इधर-उधर अपनी जान बचाई। इसी समय लोगों की मदद से संचालक और कर्मचारियों ने तीन युवकों को दबोच लिया और पुलिस को सूचना कर दी।

फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और घटनास्थल से आरोपियों के पास से अवैध हथियार और तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के दौरान किसी एक युवक ने चोरी छुपे अपने मोबाइल से पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर दिया। वहीं पुलिस तीनों आरोपियों को लेकर थाने पहुंची। तीनों की पहचान अमरदीप, देवेश और राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आम्र्स एक्ट, मारपीट, धमकाने जैसी धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तीनों युवकों को किया गिरफ्तार-सीएसपी

सीएसपी हिना खान ने बताया कि डिस्को क्लब में एंट्री नहीं मिलने पर बौखलाए युवाओं ने डिस्को क्लब संचालक पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने फायरिंग करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। हंगामा करने वाले एक युवक के हाथ में बंदूक और फायरिंग करने का वीडियो वायरल हुआ था। हथियार बरामद कर लिए हैं।

## पिकअप वाहन पलटा, 21 घायल

**सिवनी।** एक पिकअप वाहन पलट गया। हादसे में 21 लोग घायल हुए हैं। सभी जिला अस्पताल में भर्ती हैं। पिकअप में 30 लोग सवार थे। हादसा मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे मगरकट्टा गांव के पास हुआ।

## रायसेन में बस पलटी, 19 यात्री घायल

**रायसेन।** सतना से इंदौर जा रही चार्टर्ड स्लीपर बस मंगलवार सुबह करीब 4 बजे रायसेन में रोड से 15 फीट नीचे जाकर पलट गई। बस में 29 यात्री थे। 19 यात्रियों को चोटें लगी हैं। दो घायलों को भोपाल रेफर किया गया है। बस पलटने का कारण ड्राइवर की लापरवाही बताई जा रही है। शहर में घना कोहरा भी है।

# शिवराज बोले- कई बार राजतिलक होते-होते वनवास हो जाता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सीहोर। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मुख्यमंत्री के पद तो आ-जा सकते हैं, लेकिन मामा और भाई का पद कभी कोई नहीं छीन सकता। शिवराज ने कहा, कहीं न कहीं कोई बड़ा उद्देश्य होगा यार... कई बार राजतिलक होते-होते वनवास भी हो जाता है, लेकिन जरूर किसी न किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है। शिवराज ने यह बात मंगलवार को बुधनी के शाहगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं से कही। उनकी बातें सुनकर लाड़ली बहनें गले लगकर रो पड़ीं।

शिवराज बोले, चिंता मत करना, मेरी जिंदगी आपके लिए, जनता जनार्दन के लिए, मेरी बहनों के लिए हैं, मेरे बेटे-बेटियों के लिए है। इस धरती पर इसलिए आया हूं कि तुम्हारी जिंदगी में कोई तकलीफ नहीं रहने दूंगा। तुम्हें छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा।

### कहा- सभी योजनाएं जारी रहेंगी

पूर्व सीएम शिवराज ने कहा, मैं बहुत गंभीरता से कह रहा हूं, तुम्हें छोड़कर कभी नहीं जाऊंगा। क्या इतने छोटे बच्चे कभी सभा में आते हैं? ये अपने मामा के लिए आए हैं। बहनों की योजनाएं भी जारी रहेंगी और भांजे-भांजियों के कल्याण में भी कोई कसर नहीं रहेगी। चाहे गरीब हो, किसान हो... हमने जो कहा है वो करेंगे। लाड़ली बहना के लिए जो कहा है वो करेंगे। सरकार बीजेपी की है, कांग्रेस की थोड़ी है। शिवराज ने कहा, सरकार काम करेगी। लाड़ली बहनों के साथ-साथ लाड़ली बहना आवाज योजना, प्रत्येक परिवार एक रोजगार जैसी योजनाओं को सरकार आगे बढ़ाएगी। किसानों के लिए जो वचन दिए वो भी पूरे होंगे।

Uttarpradesh

# ठंड ने छुड़ाई कंपकंपी... वराणासी में बारिश; कई जिलों में छाया घना कोहरा; मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट

कानपुर। उत्तर प्रदेश में ठंड ने कंपकपी छुड़ा रखी है। कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। वाहन चलाने में चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, वाराणसी में बुधवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली। वाराणसी के रामनगर, बाबतपुर क्षेत्र और राजातालाब समेत कई इलाकों में गरज बरस के साथ बारिश हुई। बूंदाबांदी और ठंडी हवा ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।



वहीं, कानपुर में मंगलवार को दिन में बर्फीली हवाओं का कहर और रात में शीत लहर से ठंडक लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को दिन का पारा तीन डिग्री लुढ़ककर 14.4 डिग्री सेल्सियस पर आया गया। जबकि रात का पारा 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है।

सीएसए के मौसम विभाग प्रमुख डॉ. एसएन पांडेय के अनुसार अभी दो तीन दिनों तक ठंड का असर बना रहेगा। इस बीच रात के समय भी तापमान और नीचे जाने की संभावना है। डॉ. पांडेय ने बताया कि शीतलहर का प्रकोप महानगर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी बढ़ेगा।

बताया कि पूरा उत्तर भारत बर्फीली हवाओं की चपेट में आ गया है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, मध्य प्रदेश, कानपुर मंडल सहित बिहार और झारखंड तक घने कोहरे का असर रहेगा। बताया कि आम तौर पर जनवरी की शुरुआत के दौरान हिमालय से आने वाली हवाएं बर्फ से लदे पहाड़ों से उतरती हैं, जिससे

Jharkhand

## झारखंड-राजस्थान में ED का बड़ा एक्शन, हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार सहित 10 ठिकानों पर छापेमारी



**नई दिल्ली.** अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने झारखंड और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है. ईडी की रेड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार सहित एक कलेक्टर और एक डीएसपी का ठिकाना भी शामिल है. जांच एजेंसी के अचानक हुए इस एक्शन से झारखंड की सियासत में हड़कंप मच गया है. बता दें कि एक दिन पहले ही सीएम सोरेन ने ईडी पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था. ईडी की टीम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद के ठिकाने पर भी पहुंची है. ईडी की छापेमारी में हजारीबाग के पुलिस उपाधीक्षक (DSP) राजेंद्र दुबे का ठिकाना भी शामिल है. इतना ही नहीं साहिबगंज के कलेक्टर राम निवास के घर के साथ ही राजस्थान में स्थित उनकी मूल स्थान पर भी जांच एजेंसी ने रेड की है. ईडी की इस कार्रवाई में कई बड़े अधिकारियों को भी घेरे में लिया गया है. ED की टीम कई ऐसे बिचौलियों के ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है, जिन पर गैरकानूनी सौदों में अहम भूमिका निभाने का आरोप है. इन बिचौलियों पर एक्शन से अब इस मामले में कई और खुलासे हो सकते हैं. बता दें कि ईडी के समन जारी होने के बाद अब तक 7 बार हेमंत सोरेन पेश नहीं हुए हैं. इस मामले में हाल ही में ED ने सोरेन के करीबी माने जाने वाले पंकज मिश्रा और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार भी किया था. इसी साल 8 जुलाई को ED ने पंकज मिश्रा और उनके करीबियों से जुड़े

Bihar

## बिहार में हॉरर किलिंग, प्रेम-प्रसंग से नाराज मां-बाप ने बेटी को मार डाला; आनन-फानन में शव को जलाया

सीतामढ़ी। बिहार के सीतामढ़ी जिले में हॉरर किलिंग का मामला सामने आया है। परसौनी थाना क्षेत्र के परसौनी मुख्य चौक पर प्रेम-प्रसंग से नाराज माता-पिता ने अपनी पुत्री की हत्या कर दी है। दोनों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को आनन-फानन में जला दिया। घटना की भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने पुत्री की हत्या कर शव जला देने की बात स्वीकार की है। जानकारी के अनुसार, परसौनी चौक निवासी निरंजन बैठा की पुत्री पुष्पा कुमारी का किसी युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिजन को उसके प्रेम-प्रसंग की जानकारी मिली तो माता-पिता ने उसकी शादी तय कर दी। लड़के वाले के साथ सोमवार को लड़की देखने की रस्म भी पूरी की गई। बावजूद पुष्पा तय शादी से इनकार करती रही और अपने प्रेमी संग शादी की जिद करती रही। पुत्री की जिद से नाराज निरंजन बैठा व मां हीरामणि देवी ने मिलकर देर रात पुत्री की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। किसी ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष को दी।

Assam

## असम में ट्रक ने बस को मारी जोरदार टक्कर, 14 यात्रियों की मौत; दर्जनों घायल

**गुवाहाटी।** असम के गोलाघाट जिले में बुधवार सुबह एक यात्री बस और ट्रक की टक्कर में पांच महिलाओं और एक नाबालिग लड़के सहित कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर डेरगांव में सुबह करीब 5 बजे हुई।

लगभग 45 लोगों से भरी बस गोलाघाट से तिनसुकिया की ओर जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रहे कोयले से भरे ट्रक से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक और बस दोनों के ड्राइवरों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि घायलों को डेरगांव सिविल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जेएमसीएच) ले जाया गया है। गोलाघाट के डिप्टी कमिश्नर पी उदय प्रवीण ने कहा, "एनएच के एक तरफ सड़क की मरम्मत चल रही थी और इसीलिए दोनों दिशाओं से वाहन डिवाइडर के दूसरी तरफ का उपयोग कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक बहुत तेज गति से आ रहा था। बस को टक्कर मार दी।" बस के यात्रियों में से अधिकांश भरलुखुवा गांव के थे। वे तिनसुकिया के तिलिंगा मंदिर जा रहे थे। वहां से बोगीबील में पिकनिक मनाने जा रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना हुई।

गोलाघाट के पुलिस अधीक्षक राजेन सिंह ने कहा, "हमने बस और ट्रक से 10 शव बरामद किए हैं। जेएमसीएच में भर्ती कराए गए 27 घायलों में से दो की मौत हो गई। तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण मौत का मामला दर्ज किया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की जाएगी।''

खेल

# नाडा के राडार में रहेंगे पंत, ईशान और श्रेयस

### पहली बार रिकॉर्ड आठ क्रिकेटर आरटीपी में

**नई दिल्ली।** सड़क दुर्घटना के बाद पुनर्वास के दौर से गुजर रहे क्रिकेटर ऋषभ पंत अब राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी (नाडा) के राडार में रहेंगे। नाडा की ओर से पहली बार रिकॉर्ड आठ क्रिकेटरों को अपने पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। इनमें ईशान किशन और श्रेयस अय्यर का नया नाम जुड़ा है, जबकि सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना इस पूल में पहले से शामिल हैं। यही नहीं भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाले पहलवान बजरंग और विनेश फोगाट भी आरटीपी में बरकरार रखे गए हैं।



#### आरटीपी में शामिल हुए 169 खिलाड़ी

नाडा ने 2024 के पहले क्वार्टर की आरटीपी में 169 खिलाडियों को शामिल किया है, जिसमें 67 एथलेटिक्स से संबंधित हैं। बीते वर्ष के अंतिम क्वार्टर की आरटीपी में 155 खिलाड़ी शामिल थे। आरटीपी में शामिल खिलाडियों का नाडा की ओर से समय-समय पर डोप सैंपल लिया जाता है, इसके लिए खिलाडियों को सैंपलिंग के लिए अपना पता व्हेयर अबाउट के रूप में देना पड़ता है। नाडा अंतरराष्ट्रीय संघों की ओर से आरटीपी में शामिल खिलाडियों को शामिल नहीं करता है। हाल ही में वल्र्ड एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट ने नीरज चोपड़ा, किशोर जेना को अपने आरटीपी में शामिल किया है।

#### 100 मीटर का रिकॉर्ड बनाने वाला पूल में नहीं

आरटीपी में बीते वर्ष अक्तूबर में 100 मीटर का 10.23 सेकंड के साथ राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाने वाले मनिकांत होबलीदार, महिलाओं की 100 मीटर रेस 11.36 सेकंड के साथ जीतने वाली गिरिधररानी जैसी एथलीटों को आरटीपी में शामिल नहीं किया गया है।

सिनेमा

## करण जौहर ने खोला फिल्मों के रिव्यू और रेटिंग्स बढ़ाने का राज, 'इन क्रिटिक्स ने खुद अपना नाम नहीं सुना होता'

बॉलीवुड के टॉप फिल्ममेकर्स में से एक करण जौहर ने एक बार फिल्मों की रेटिंग वाले सिस्टम की पोल खोलकर लोगों को चौंका दिया था. करण ने बताया था कि कैसे फिल्म की रिलीज से पहले वि वो अलग-अलग स्टार रेटिंग्स वाले पोस्टर तैयार करवा कर रख लेते हैं. अब करण ने बॉलीवुड के काम करने के तरीके पर एक और चौंकाने वाला खुलासा किया है. एक राउंड टेबल कन्वर्सेशन का हिस्सा बने करण ने बताया कि इंडस्ट्री के फिल्ममेकर्स कैसे फिल्मों का भौकाल मजबूत करने के लिए अपने ही लोगों से तारीफ करवाते हैं. करण ने इस बातचीत में फिल्मों के क्रिटिक्स रिव्यू की जमकर पोल खोली. उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री के लोग अपनी फिल्मों को हिट बनाने के लिए हर तरह का खेल करते हैं. गलट्टा प्लस के राउंड टेबल कन्वर्सेशन में करण ने



कहा, 'बहुत बार हम पीआर के लिए हमारे अपने लोगों को भेजते हैं और कहते हैं कि वो फिल्म की तारीफ करें, और ऐसा ही होता है. कभी कभी आप एकदम बेहतरीन फिल्म नहीं बना पाते. जाहिर है कि सभी चाहते हैं कि (फिल्म के बारे) में अच्छे-अच्छे वीडियोज बाहर आएं. जब आप फंसे होते हैं, आप क्रिटिक-क्रिटिक-क्रिटिक करते हैं (उन्हें नकारते हुए) लेकिन फिर आप उन क्रिटिक्स को खोजते हैं जिन्होंने फिल्मों के बारे में अच्छी बातें कही हैं और पांच स्टार्स, चार स्टार्स, तीन स्टार्स और दो स्टार्स वाला बड़ा पोस्टर बनवाते हैं. इनमें से कुछ क्रिटिक ने तो खुद अपना नाम नहीं सुना होता. जबकि हम इन्हें खोज लेते हैं, हम करते हैं ऐसा भी.'

# संपादकीय

## प्रतिहिंसा का दौर

मणिपुर में हिंसा के हालात पर काबू पाने के मकसद से राज्य की पुलिस के अलावा सेना तक को मोर्चे पर लगाया गया। केंद्र सरकार ने शांति समिति गठित की और सुप्रीम कोर्ट की ओर से निगरानी समिति को भी जिम्मा सौंपा गया। मगर आज भी हालत यह है कि गाहे-बगाहे हिंसा फूट पड़ती है और हथियारबंद लोगों के समूह कहीं भी गोलीबारी कर लोगों की जान ले रहे हैं। दरअसल मणिपुर में बीते आठ महीने से जारी हिंसा पर काबू पाने के तमाम प्रयासों के बावजूद आज भी अगर निशाना बना कर सरेआम लोगों की हत्या की जा रही है, तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी बनती है! गौरतलब है कि सोमवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने स्थानीय लोगों को निशाना बना कर ताबड़तोड़ गोलीबारी करनी शुरू कर दी। खबरों के मुताबिक, बेलगाम गोलीबारी करने वाले लोग वेश बदल कर आए थे। इस घटना में चार लोगों की मौके पर ही जान चली गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश फैल गया और उन्होंने इसके प्रति विरोध जताने के लिए वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। जाहिर है, ऐसी स्थिति में हिंसा और प्रतिहिंसा की स्थिति और जटिल होने की आशंका है। शायद यही वजह है कि चार लोगों की हत्या और हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद राज्य सरकार ने घाटी के कई जिलों में फिर से कफ्र्यू लगा दिया। इस घटना के पहले भी लगातार दो दिन कुकी और मैतेई समुदायों के बीच आपसी संघर्ष और कमांडो काम्प्लेक्स पर विद्रोहियों के हमले की खबरें आई थीं। जब भी ऐसी घटनाओं को लेकर सरकार के रवैये, नाकामी और उसकी लापरवाही पर सवाल उठाया जाता है तो एक तरह से रटा-रटाया जवाब यही होता है कि शांति स्थापित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं, कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सवाल है कि लगातार ऐसे आश्वासनों के बावजूद आज भी चिह्नित करके आम लोगों की हत्या करने की घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं? मणिपुर में हिंसा की शुरुआत पिछले वर्ष मई में ही हुई थी। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के सवाल से उठे विवाद के बाद फूटा आक्रोश हिंसक टकराव में तब्दील हो गया और तब से लेकर लगातार हिंसा में लगभग दो सौ लोगों के मारे जाने की खबरें आ चुकी हैं। कई सौ लोग बुरी तरह घायल हुए और साठ हजार से ज्यादा लोगों को अपने मूल स्थानों से विस्थापित होने का दंश झेलना पड़ा है।

**अर्ज किया है..!**

*औरों की बुराई को*
*न देखूँ वो नज़र दे*
*हाँ अपनी बुराई को*
*परखने का हुनर दे*

*- खलील तनवीर*

MORARI BAPU




सत्य-प्रेम-करुणा...

**हजारों सवाल किए दुनिया ने बेवजह... मैंने चुपचाप खड़े रहकर सबकुछ कह दिया...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# धरती के करीब आ रहा ज्वालामुखी वाला 'शैतान' धूमकेतु, 15 दिनों में होता है विस्फोट, खतरा तो नहीं?



**वॉशिंगटन»** धरती के करीब से माउंट एवरेस्ट जितना बड़ा खतरनाक धूमकेतु गुजरने वाला है। इसे वैज्ञानिक शैतान धूमकेतु के नाम से बुला रहे हैं, लेकिन इसका वैज्ञानिक नाम 12पी/पोंस-ब्रूक्स है। इसे शैतान धूमकेतु इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि इस पर हर 15 दिन में किसी ज्वालामुखी जैसा विस्फोट होता है। विस्फोट के दौरान यह धूमकेतु बर्फ और गैस उत्सर्जित करता है। विस्फोट होने पर इस धूमकेतु में किसी पशु के सींग जैसा आकार दिखता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इस धूमकेतु में अब 30 दिसंबर तो विस्फोट होने वाला है। यह धूमकेतु अगले साल अप्रैल में पृथ्वी के करीब से गुजरेगा।

### ◆ धूमकेतु पर क्यों होता है विस्फोट

वैज्ञानिकों ने बताया कि धूमकेतु का विस्फोट ज्वालामुखी विस्फोट की तरह होता है। धूमकेतु को वास्तव में क्रायोवोल्केनिक धूमकेतु या ठंडे ज्वालामुखी धूमकेतु के रूप में जाना जाता है। खगोलविदों ने पाया कि यह दो सप्ताह की अवधि में घूमता है, जो इसके क्रायोवोल्केनिक वेंट को सूर्य की ओर मोड़ देता है। फिर वह वेंट सूर्य से गर्म हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप विस्फोट होता है।

### ◆ वैज्ञानिकों ने बताया धूमकेतु का आकार

ब्रिटिश एस्ट्रोनॉमिकल एसोसिएशन के रिचर्ड माइल्स ने कहा, 'धूमकेतु 12पी में एक सुपर क्रायोगीजर है, जिसका विस्फोट स्थानीय सूर्योदय के बाद उसके स्थान पर होता है।' इस धूमकेतु का व्यास लगभग 18.6 मील है। यह 14 नवंबर के बाद से अपने सबसे बड़े विस्फोट का अनुभव कर सकता है। विस्फोट के बाद यह धूमकेतु कई दिनों तक यह सामान्य से 100 गुना अधिक चमकीला दिखाई दिया। पोंस-ब्रूक्स भी 2024 के अप्रैल में पृथ्वी के सबसे करीब होगा और उस वर्ष मई और जून में नग्न आंखों को दिखाई देगा।

### ◆ हैली धूमकेतु से की जा रही तुलना

वैज्ञानिकों ने इसे हैली टाइप का धूमकेतु बताया है, जो हर 71 साल में पृथ्वी की परिक्रमा करता है। हैली धूमकेतु को अपनी कक्षा की परिक्रमा करने में 76 साल लगते हैं। नासा का कहना है कि हैली धूमकेतु अब 2061 में नजर आ सकता है। नया वाला धूमकेतु विस्फोट के बाद तेजी से चमकीला दिखने लगता है। इसके बाद जैसे-जैसे इसकी चमक कम होती है, वैसे-वैसे विस्फोट के कारण बनी सींगें खत्म होने लगती हैं।

## Highlights

1. **PM Modi pays homage to Savitribai Phule and Rani Velu Nachiyar**
2. **Nehru's stance prioritised China's interests, it's peculiar: EAM**
3. **Why January 22,2024 was chosen for Ram Mandir, Ayodhya inauguration**
4. **Congress dark horse vs Bandi Sanjay in Karimnagar?**
5. **CT Dept closing in on CEO in ₹5.89 crore GST evasion case**

# Bitcoin continues to go strong after breaching $45,000 mark: Check latest rates on January 3



**NEW DEIHI, (Agency).** For the first time since April 2022, cryptocurrency Bitcoin crossed the $45,000 mark on Tuesday, touching its 21 month high. Bitcoin, which is the world's largest cryptocurrency, recorded a hike of 6 percent on Tuesday, January 6.

Bitcoin was up by a total of 6.43% on Tuesday, touching its all time high since 2022 at $45,317.67. A day after breaching the historic mark, Bitcoin continues to go strong, up by a little less than one percent on Wednesday.

On January 3, the Bitcoin rates were recorded at $45,257.70, not close to dipping below its 21-month high. The rates were 0.70 percent higher than the closing price of the cryptocurrency. This also led to an overall surge in the cryptocurrency market in the first few days of January.

With the Bitcoin prices surging above $45,000 for the first time in months, the rates of the cryptocurrency in India were recorded at ₹37,66,766.47 on Wednesday, up by ₹22,454 after the sudden price surge.

Other tokens in the crypto market traded higher on January 2-3 due to Bitcoin, with Ethereum surging by 3.8%, Solana (SOL) gaining over 7% while Cardano up over 5%. It is expected that the surge in cryptocurrency will continue during the week.

Reason behind Bitcoin price surge

The prime reason behind the hike in the prices of Bitcoin is the expectation that the US Securities and Exchange Commission (SEC) will approve the launch of a spot bitcoin Exchange-Traded Fund (ETF).

The decision of the SEC will be finalised by January 10, when it will either approve or reject the Ark/21Shares ETF, reported Reuters. However, the decision regarding the same can come this week, by Wednesday or Thursday.

The U.S. Securities and Exchange Commission has rejected multiple applications to launch spot bitcoin ETFs in recent years, arguing that the cryptocurrency market is vulnerable to manipulation.

As per past trends, Bitcoin often rallied forward during the US Election season, which means that the crypto markets will continue to buzz for the next few months. However, the rise and fall of crypto in the United States will primarily be determined by the decision of the SEC.

# Zomato hikes platform fee to ₹4 from January 1: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Zomato, the publicly listed food delivery platform, has raised its platform fee from ₹3 to ₹4 per order in major markets, as per details on its app.

This rate adjustment came into effect on January 1, INC24 reported.

On New Year's Eve, the platform fees were reported to have been temporarily increased to as much as ₹9




per order in specific markets, as mentioned by sources in an ET report.

Quoting a Zomato spokesperson, ET said, "These are business calls which we take basis various factors from time to time."

On Sunday, December 31, Zomato experienced an unprecedented surge in order volume during New Year's Eve, surpassing all-time highs. Deepinder Goyal, the CEO, shared on X that the order count exceeded the cumulative orders recorded by the food delivery platform for New Year's Eve over the previous six years.

He wrote, "Fun fact: We've delivered almost as many orders on NYE 23 as we did on NYE 15, 16, 17, 18, 19, 20 combined Excited about the future!"

# खेत में मिला नाबालिग का शव, हत्या की आंशका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भवानी नगर में मंगलवार रात एक नाबालिग का शव खेत में पड़ा मिला। वही दो साथी घायल अवस्था में मिले। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अरविदो अस्पताल भेजा गया। पुलिस मामले को एक्सीडेंट बता रही है। जबकि आसपास के लोगो के मुताबिक रात में विवाद की आवाजे आई। इस वारदात में एक दो संदिग्ध लोगो के नाम भी सामने आ रहे है। पुलिस मामले में जांच की बात कर रही है।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक पवन चौहान(16)का शव भवानी नगर के पीछे खेत में पड़ा मिला। जबकि यहां उसके साथी अंकित शर्मा ओर साथी राहुल घायल पड़े मिले। रात करीब 12 बजे के लगभग यहां एक चौकीदार ने उनके घायल होने की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल भेजा। पुलिस इसे एक्सीडेंट बता रही है। आसपास रहने वाले लोगो ने बताया कि रात में उन्हेंने झगड़े की आवाज सुनी। इसके कुछ देर बाद चौकीदार ने वहां तीनों को पड़े हुए देखा। तीनो नाबालिक भवानी नगर के ही रहने वाले है। पवन के पिता निजी कंपनी में काम करते है। वही दो भाई है। जिसमें से एक पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा है। परिवार ने भी मामले में हत्या की आशंका व्यक्त की है। शव का बुधवार को अरविदों अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### मारपीट में घायल महिला की मौत, पड़ोसियों पर हत्या का आरोप

उधर, बाणगंगा में एक महिला की मौत हो गई। उसके पति ने मामले में पड़ोसियो पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। महिला के साथ 31 दिसंबर के दिन मारपीट हुई। यहां मारपीट के दौरान पेट में लगी नली निकल गई। इस दौरान पति अपनी घायल पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा। पुलिस ने थाने से अस्पताल ले जाने की बात की। यहां मंगलवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक मृतिका का नाम कांताबाइ पति चुन्नीलाल अहिरवार निवासी रस्सी मैदान है। कांताबाइ को 31 दिसंबर के दिन उपचार के लिये एमवाय लेकर आया गया। यहां मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। पति चुन्नीलाल ने मामले में विनोद गीताबाई वंदना ओर हरीप्रसाद पर मारपीट का आरोप लगाया है। पति चुन्नीलाल का कहना है कि 31 दिसंबर को वह काम से गया। इसके बाद 17 साल का बेटा पानी भरने चले गया। यहां पड़ोसी घर में घुस गए ओर पत्नी कांताबाइ को बुरी तरह से मारपीट करने लगे। बाद में उन्हें जानकारी लगी। वह पत्नी को लेकर बाणगंगा थाने पहुंचे। मारपीट में उसके पेट में डली खाने की नली निकल गई। पुलिसकर्मियो ने थाने में काफी देर बेठाकर रखा ओर कहां कि अस्पताल ले जाओ हम वही आकर बयान ले लेगे। बाद में पत्नी को अस्पताल लेकर पहुंचा। चुन्नीलाल ने बताया कि विनोद उनका पड़ोसी है। नजदीक की झोपड़ी में रहता है। वह उनके यहां से बिजली जलाता है। जुलाई 2023 में बिजली का बिल ज्यादा आया तो पत्नी ने उससे रूपये मांगे। इसे दौरान भी विवाद हुआ आरोपियों ने पत्नी को एसिड पिला दिया। उसका अस्पताल में उपचार चला। यहां उसके पेट में आहार नली अलग से डाली गई। उस समय भी विनोद ओर अन्य लोगो पर केस दर्ज कराया।

### समझौते का दबाव

कांताबाइ के परिवार के मुताबिक आरोपी समझौते को लेकर दबाव बना रहे थे। सभी कुछ समय पहले ही जमानत पर वापस आए ओर धमकियां दे रहे थे। इस मामले में बाणगंगा पुलिस के साथ बड़े अफसरों को भी शिकायत की। लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। 31 दिसंबर को भी जब थाने पहुंचे तो उन्होंने पूर्व में विवाद होने की बात करते हुए मौके पर जाकर मामले को समझने की बात कही। अस्पताल में भी बयान लेने कोई नही आया।

# हड़ताल खत्म होते ही सुबह से दौड़ने लगे ट्रक-बस

◆ यात्रियों को मिली बड़ी राहत, वस्तुओं की सप्लाई सामान्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हिट एंड रन कानून के खिलाफ चल रही हड़ताल इंदौर में खत्म हो गई है। हालांकि प्रदेश के कई शहरों में असमंजस की स्थिति बनी रही। दरअसल ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की परिवहन समिति (ऋडूरूज्जष्ट) ने ड्राइवरों से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी।**

समिति और इंदौर ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती और ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, 'नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने मंगलवार को ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस से मीटिंग की। उन्होंने कहा कि नया कानून अभी लागू नहीं हुआ है। भारतीय न्याय संहिता 106/2 लागू करने से पहले ऋडूरूज्जष्ट प्रतिनिधियों के साथ चर्चा होगी, उसके बाद ही कोई निर्णय होगा।

इसके बाद बुधवार सुबह से स्कूल, सिटी और आई बसों के संचालन नियमित रूप से शुरू हो गया है। हालांकि पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग व सुरक्षा रहेगी। मंगलवार को शहर में पेट्रोल-डीजल को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

सुबह जरूर कुछ पेट्रोल पंपों पर लाइनें लगी लेकिन दोपहर बाद स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई। इसी तरह दूध वितरण को लेकर भी किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। रात को भी दूध सप्लाई रोज की तरह हुआ।

**हाईकोर्ट ने कहा था-हड़ताल खत्म कराए सरकार-** मंगलवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सरकार को हड़ताल खत्म कराने के निर्देश दिए थे। दो याचिकाओं पर सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा था, हड़ताल को तुरंत खत्म करवाया जाए। सरकार परिवहन बहाल करवाए। इस पर सरकार की तरफ से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा था, 'आज शाम तक इस मामले में अहम निर्णय लिया जा रहा है।' ये याचिकाएं नागरिक उपभोक्ता मंच और अखिलेश त्रिपाठी की ओर से दायर की गई हैं। दरअसल, ड्राइवर हिट एंड रन से जुड़े उस कानून का विरोध कर रहे हैं, जिसमें 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान किया गया है। सोमवार और मंगलवार दो दिन चली ड्राइवर्स की हड़ताल के चलते भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर सहित अन्य जिलों में दूध से लेकर सब्जी और किराना सप्लाई कम हुई है। ज्यादातर शहरों में सब्जियां महंगी हो गईं। स्कूल-कॉलेज बसें बंद रहीं।

### दो दिन में करोड़ों का कारोबार प्रभावित

उधर, राकेश तिवारी (प्रदेश प्रमुख, आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस) ने बताया कि ड्राइवरों की मांगें जायज हैं। हिट एण्ड रन का नया कानून लागू नहीं होना चाहिए। इसमें कई विसंगतिया हैं। इंदौर से रोज 5 हजार ट्रकों से माल की आवाजाही होती है। इंदौर में 4 हजार ट्रांसपोर्टर्स हैं। दो दिन में ही ट्रांसपोर्ट का करोड़ों का व्यवसाय प्रभावित हुआ है।

# विधवा महिला से छेड़छाड़

◆ पीड़िता के नाबालिग से विवाद, आरोपी हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर में रहने वाली एक विधवा महिला के साथ इलाके में रहने वाली एक आरोपी ने छेड़छाड़ की। आरोपी ने तीन बार हेलो हेलो कहते हुए महिला से बात करने की कोशिश की। महिला का नाबालिग बेटा जब इसका विरोध करने आया तो आरोपी ने उसके साथ भी बहस की। पुलिस ने मामले में आरोपी पर केस दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है।**

पुलिस के मुताबिक 35 साल की महिला की शिकायत पर अशफाक पुत्र शाकिब निवासी बांक के खिलाफ छेड़छाड़ ओर धमकाने के मामले में केस दर्ज किया गया है। पीडिता ने बताया कि वह घर के बाहर रात में बर्तन साफ कर रही थी। इस दौरान अल्ताफ आया और हलो कहते हुए बात करने के लिये कहने लगा। महिला ने बताया कि मैंने अनसुना कर दिया तो उसने तीन बार हेलो हेलो कहने लगा। इस पर मैंने कहा मुझे बात नहीं करना। इसके बाद मैं डर गई और घर के अंदर जाने लगी तो अल्ताफ पीछे आ गया और दरवाजे के वहां हाथ पकड़ लिया। में चिल्लाई तो आवाज सुनकर बेटा बाहर आ गया। इसके बार अल्ताफ को देखकर बोला यहां क्यों खड़े हो। तो कहने लगा कि मां से बात करना है। इस पर बेटे ने जबरन घर में घुसने की बात की तो आरोपी धमकाने लगा। इसके बाद पीडिता अपने बेटे को लेकर अंदर चली गई। अपने देवर को जानकारी देकर मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया।

### पार्टी में दोस्त ने मारे चाकू

इंदौर। राउ में न्यू ईयर की पार्टी में दोस्त ने दोस्त को चाकू मार दिए। दोस्त की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक दिलीप सिसौदिया निवासी संजय नगर केट रोड़ की शिकायत पर पुलिस ने रामकृष्ण गुर्जर निवासी स्टेट कॉलोनी के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया है। दिलीप ने बताया कि चार दोस्त आपस में पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान आपस में उनका विवाद हुआ।

### पत्थर बरसाने वाले बाइक सवार पकड़ाए

**इंदौर।** बाणगंगा में बाइक सवार बदमाशों ने शॉप पर पत्थर फेंके इस मामले में पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इस मामले में कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक दीपक राय निवासी अवंतिका नगर की शिकायत पर बाइक सवार युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दीपक ने बताया कि वह दुकान पर बैठे हुए थे। तभी बाइक पर युवक आए ओर शॉप पर आकर विवाद करने लगे। रोकने पर उन्होंने हाथ पाई की। पत्थर मारकर कांच फोड़े। वही एक पत्थर सिर पर लगा। इसके बाद आरोपियों को रोकने ओर लोग आए। जिसमें आरोपियों ने उन पर भी पत्थर फेंके ओर बाइक छोड़कर फरार हो गए।

### भोपाल के रिटायर्ड बैककर्मी से ठगी के आरोपियों का नहीं लगा सुराग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक कार्यक्रम में आए रिटायर्ड बैक कर्मी के साथ ईरानी गैंग के मेंबरो ने ठगी कर दी। पुलिस आसपास के फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अभी तक पुलिस को आरोपियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक भोपाल के रहने वाले 73 वर्षीय बुजुर्ग मनोहर सिंह इंदौर में आए हुए थे अपने रिश्तेदार के के घर से कपड़े की दुकान पर पैदल ही जा रहे थे कि तभी रास्ते में एक बदमाश मिला और स्वयं को पुलिसकर्मी बताते हुए दोनों बुजुर्ग की चेकिंग करने लगा।बदमाश ने मनोहर जी के दोनों अंगूठियां और नगदी रुपए बुजुर्ग के रुमाल पर ही रखवा दिए और बोला कि इसे आप रखिए और तलाशी लेने लगा नकली पुलिसकर्मी ने कहा था कि क्षेत्र में नशा काफी बिक रहा है और इसी कारण से वह चेकिंग कर रहा है कुछ देर बाद जब बुजुर्ग ने रुमाल खोल कर देखा तो उसमें ?12000 नगद तो थे लेकिन जो दोनों सोने की अंगूठी थी वह बदमाश धोखाधड़ी कर अपने साथ ले गया बताया जा रहा है कि इस तरह की घटना ईरानी गैंग के लोग करते हैं वह क्षेत्र में घटना को अंजाम देने के बाद वहां से फरार हो जाते हैं फिलहाल पुलिस ने तत्परता से आसपास लगे तमाम सीसीटीवी फुटेज का गाना शुरू कर दी है ताकि बदमाश का चेहरा पहचाना जा सके।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक